हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

**Highest Selection Ratio (NEET)**

Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%

Rank 30 Vaibhav Sinha
Rank 71 Navya Mishra
Rank 94 Palak Nishant Shah
Rank 77 Govind Meena
ST Category Rank From Rajasthan Anuprati Batch

28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023




**ADMISSION ANNOUNCEMENT** Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
**Achiever Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि- 1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी –** सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें –**विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें –** माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है -

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है। हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान मित्र को पिछले दो माह से नहीं मिला वेतन

**रायपुर।** विभिन्न अस्पतालों में स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज के लिए आने वाले मरीजों की मदद करने वाले आयुष्मान मित्र को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। राज्य में इनके वेतन का भुगतान एजेंसी के माध्यम से किया जाता है। जानकारी के अनुसार निजी और शासकीय अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड बनाने और कार्ड ब्लाक करने से लेकर योजना से संबंधित अन्य काम पूरा करने की जिम्मेदारी आयुष्मान मित्र की होती है। बताया जाता है कि स्टेट नोडल एजेंसी के तहत काम करने वाले इन लोगों को वेतन का भुगतान पुणे की एफएचपीएल एजेंसी द्वारा किया जाता है। अप्रैल से उन्हें वेतन नहीं दिया गया है, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आयुष्मान मित्र आशीष शर्मा ने बताया कि इसे लेकर जिला स्तर पर सीएमएचओ के सामने आपत्ति दर्ज कराई गई है।

### आशा बनीं अध्यक्ष महेश्वरी उपाध्यक्ष



**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर परिक्षेत्र के सदस्यों की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में परिक्षेत्र स्तरीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष आशा धीवर और उपाध्यक्ष महेश्वरी यादव को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव वर्षा कार्तिकेय, सहसचिव कुलकर्णी बजाज, कार्यकारिणी सदस्य उषा साहू, पार्वती निषाद सर्वसम्मति से चुने गए। इसी दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### शिवसेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे द्वारा प्रदेश की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर शिवसेना के पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रदेश में शराबबंदी, महतारी वंदन योजना में सभी महिलाओं को राशि वितरण, प्रदेश के सभी मार्गों से टोल मुक्त करना, मजदूरों की न्यूनतम वेतन दर बढ़ाने, किसानों की समस्त उपज पर एमएसपी लागू करना, प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक को निशुल्क करना, दैनिक वेतनभोगी कर्मी एवं संविदा कर्मियों को नियमित करना, समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड को नियमित रूप से लागू कराना, प्रदेश में चल रही पटाखा फैक्ट्रियों की नियमित जांच करने सहित कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपने वालों में एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े आदि शिवसैनिक उपस्थित हुए।

# बिजली की खपत में राहत की बौछार, पीक ऑवर में भी डिमांड 53 सौ मेगावाट के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी भीषण तेवर दिखा रही है, नवतपा चल रहा है। दोपहर में पारा 44 से 45 डिग्री तक जा रहा है, लेकिन जहां तक बिजली की खपत का सवाल है तो बिजली की खपत के तेवर ज्यादा गर्म नहीं हैं। इस समय दोपहर में खपत जहां पांच हजार मेगावाट से कम है, वहीं पीक ऑवर में खपत 52 से 53 सौ मेगावाट तक ही जा रही है। एसी और कूलर तो थोक में चल रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी खपत कम होने का बड़ा कारण कृषि पंपों का बंद होना है। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को भी राहत है, क्योंकि कंपनी का उत्पादन बमुश्किल 25 सौ मेगावाट होता है, बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ती है। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब बिजली की खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता है। उमस के कारण भी खपत बढ़ जाती है। पिछले साल तो बारिश के मौसम में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी।

## मार्च में ही चली गई थी खपत 63 सौ मेगावाट के पार

### फरवरी से अप्रैल तक खपत ज्यादा

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही फरवरी और मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत के 63 सौ मेगावाट के पार हो गई। इसके बाद मार्च और अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार रही।



### अब इसलिए राहत

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाएं इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रह था कि इस बार खपत 65 सौ मेगावाट के पार चली जाएगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट की अतिरिक्त बिजली की मांग की थी। लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और मई में कृषि पंप पूरी तरह से बंद हो गए हैं। ऐसे में भारी गर्मी में लगातार एसी और कूलरों के चलने के बाद भी खपत 52 से 53 सौ मेगावाट तक ही जा रही है।

## तेज धूप से बचने अब इंजन में लोको पायलट ने लगाया पर्दा

# 55 डिग्री में 10 घंटे स्कार्फ बांधे लोको पायलट चला रहे ट्रेन, गर्मी से हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी इस बार हर किसी को झुलसा रही है। तेज गर्मी से बचने दोपहर में लोगों ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। ऐसे में जरा सोचिए 50 से 55 डिग्री में रेल चला रहे लोको पायलटों का क्या हाल होगा। बाहर का तापमान पहले ही ट्रेनों को तंदूर की तरह तपा रहा है। ऐसे में इंजन का पारा बाहर से 5 से 8 डिग्री अधिक होता है। यही वजह है, अब इंजन का पारा 50 डिग्री से अधिक पहुंच चुका है। हरिभूमि ने मंगलवार को लोको पायलट से बातचीत की, उन्होंने बताया कि बाइक के साइलेंसर की तरह दोपहर में इंजन गर्म हो जाता है। छूने से हाथ में फफोले भी पड़ सकते हैं। इसीलिए दरवाजा खोलने और बंद करने के लिए ग्लब्स का इस्तेमाल करने लगे हैं, ताकि हाथ को जलने से बचाया जा सके। जोन से गुजरने वाली दर्जनों ट्रेनों के इंजनों में एसी की सुविधा नहीं है। लोको पायलट एसोसिएशन के सचिव विजय शंकर ने बताया कि बीते दिनों इसी समस्या को लेकर मंडल में लोको पायलट ने धरना दिया था, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। यह समस्या हर साल रहती है। इस बार तेज गर्मी से बिना एसी वाले इंजन में काम करना मुश्किल हो गया है।



लोको पायलट ने कहा- 110 से 120 की रफ्तार में गर्म हवा आग की तरह लगती है

### 10 घंटे स्कार्फ पहने करते हैं काम

*आम आदमी 45 डिग्री की गर्मी नहीं झेल पा रहा है। ऐसे में जब ट्रेन 100 से 120 की रफ्तार में चलती है, सांस लेना मुश्किल हो जाता है। गर्म हवा से हीट स्ट्रोक का खतरा और भी बढ़ जाता है। इसके अलावा दोपहर में सीधी धूप लोको पायलट को लगती है। लोको पायलट सीके श्रीवास्तव ने बताया कि ड्यूटी के दौरान पूरे समय इन दिनों स्कार्फ पहनकर काम करते हैं। 10 घंटे तक चेहरे को कपड़े से बांधकर रखना और लगातार काम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस गर्मी में 18 लोको पायलट हीट स्ट्रोक की चपेट में आ चुके हैं। उनका कहना है कि तेज गर्मी से इंजन का तापमान 50 से 55 डिग्री तक पहुंच जाता है।*

### धूप से बचने पर्दे का सहारा

तेज धूप से बचने के लिए लोको पायलट अपने स्तर पर उपाय करने लगे हैं। एक इंजन में लोको पायलट ने पर्दा लगाया है, ताकि सीधे चेहरे पर आने वाली धूप से बचा जा सके। लोको पायलट का कहना है कि दोपहर में 12 से 3 बजे के बीच तेज धूप मिलती है। पर्दे से थोड़ी राहत मिल जाती है। दोपहर में इंजन भी भारी तपने लगाता है। शरीर में पानी की कमी से बचने हर घंटे दो लीटर पानी पीते हैं। कुछ इंजनों की खिड़की के छेद हो चुके हैं। ऐसे में ट्रेन जब 110 से 120 की रफ्तार से दौड़ती है, उस समय गर्म हवा आग की तरह लगती है।

### 45 डिग्री में ट्रेन का कर रहे इंतजार

सामान्य कोच में 50 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। स्टेशन में एक मिनट का स्टॉपेज यात्रियों को भारी पड़ जाता है। भारी उमस और गर्मी से यात्रियों का हाल बेहाल है। खाली ट्रेन का तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि स्टेशन में दोपहर 2 से 3 बजे तक 45 डिग्री में यात्री अपनी ट्रेन का इंतजार करते रहे। लोको पायलटों का कहना है, पिछले साल से इस बार इंजन काफी गर्म हो रहा है। मशीनें चालू होने से इंजन के अंदर का तापमान और अधिक हो जाता है।

# प्रतिभावान निशक्तजनों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद स्मारक भवन में सोमवार को प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में हुआ। राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने ट्राइसिकल में क्रिकेट खेला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निशक्तजनों को ट्राइसिकल का भी वितरण किया गया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, सांसद सुनील सोनी, पश्चिम विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, अशोक चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। यह आयोजन भाजपा नेता योगेश तिवारी के जन्मदिन पर अवसर पर आयोजित किया गया। वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने आयोजन में शामिल होकर भाजपा नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेता श्री तिवारी ने निशक्तजनों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रायपुर जयंती भाई पटेल, रविंद्र सिंह, आशु चंद्रवंशी, सूरज, प्रदीप साहू, गौतम शर्मा, पंकज शर्मा, विदित शर्मा, पीयूष शर्मा, मनोज पटेल, जीवन गायकवाड़, मनोज सिन्हा, टोपेन्दर सोनवानी, लखन चक्रधारी, प्रमोद सिंह, नरेश राय, यशवंत टंडन, नीलकंठ पटेल, राकेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

# मौदहापारा में सफाई में बाधक 13 पाटे और जर्जर चैंबर तोड़ा

- जयस्तंभ चौक के पास रेलवे स्टेशन मार्ग पर सुगम निकास के लिए अभियान
- जोन अमला और नगर निवेश टीम ने जेसीबी मशीन से हटाई बाधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में मानसून पूर्व नाला, नालियों से गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए निगम प्रशासन ने जोनवार अभियान छेड़ दिया है। मंगलवार को जोन 2 की नगर निवेश टीम ने जयस्तंभ चौक के पास, रेलवे स्टेशन मार्ग मौदहापारा मार्ग पर सफाई में बाधक बन रहे 13 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर बाधा हटाई। जोन कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह की टीम ने जयस्तंभ चौक के पास लक्ष्मी स्टेशनरी दुकान के पास आधा दर्जन पाटों को मशीन से तोड़कर सफाई में आ रही बाधा दूर की। इसी तरह यामाहा शोरूम के पास एक जर्जर चैंबर को तोड़ कर नाली सफाई का मार्ग सुगम बनाया।

### सफाई मित्र को कचरा नहीं देकर अन्यत्र फेंकने पर जुर्माना

नगर निगम जोन 2 की टीम ने फूल चौक में सफाई मित्र को कचरा न देकर अन्यत्र कचरा फेंकने पर 13 दुकानदारों पर 6,500 रुपये जुर्माना किया। हीरापुर सब्जी बाजार में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने गई निगम की टीम ने 10 किलो खराब सब्जी कर नष्ट की। 9 दुकानदारों पर बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने पर 5,400 रुपये जुर्माना किया।



# सप्रे स्कूल खेल मैदान होगा सुव्यवस्थित, सफाई पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने माधवराव सप्रे स्कूल मैदान की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निगम के अधिकारियों को खेल मैदान सुव्यवस्थित करने और शौचालय की सफाई कराने निर्देश दिए। राजधानी के माधवराव सप्रे स्कूल का मैदान खिलाड़ियों की आवश्यकता के अनुरूप सुव्यवस्थित किया जाएगा। खेल प्रतिभाओं को इस मैदान में अभ्यास के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ध्यान जोन-4 के अधिकारी रखेंगे। मंगलवार को सप्रे शाला खेल मैदान का निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त ने नगर निगम जोन-4 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कड़ू के साथ चर्चा कर स्कूल परिसर के शौचालय की सफाई का शीघ्र कराने निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान सप्रे स्कूल मैदान में व्हॉलीबॉल खेल रहे बच्चों को देखा व उनसे मिलकर व्हॉलीबॉल के संबंध में चर्चा की एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

**खास बातें**

- खेल मैदान निरीक्षण के लिए पहुंचे आयुक्त, मैदान की व्यवस्था देखी
- वॉलीबाल खेल रहे बच्चों से मिलकर हौसला बढ़ाया

# सराफा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ, मतदान के समय में किया ढाई घंटे का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव दो साल विलंब से अब राजधानी रायपुर में होने वाला है। इतिहास में पहली बार सारी प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया जा रहा है। मंगलवार को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी के साथ चुनाव समिति की बैठक में मतदान का समय ढाई घंटे बढ़ा दिया गया है। अब मतदाता सुबह 10.30 से शाम को 4.30 बजे तक मतदान कर सकेंगे। मतदाता सूची प्राप्त करने के लिए सौ रुपए का शुल्क तय किया गया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव को लेकर बीते छह माह से घमासान और विवाद चल रहा था। अब जाकर वह चुनाव तय होने पर समाप्त हो गया है। चुनाव की प्रक्रिया को प्रारंभ करने के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को दोपहर दो बजे धर्मकांटा कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू व सहायक चुनाव अधिकारियों के उपस्थिति में किया गया। मतदाता सूची का अवलोकन धर्मकांटा कार्यालय में किया जा सकता है।

- अब मतदान सुबह 10 .30 से शाम 4 .30 बजे तक



### समय को लेकर थी आपत्ति

पहले मतदान के लिए सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक का समय तय किया गया था। ऐसे में सरगुजा और बस्तर जैसे दूर के स्थानों के मतदाताओं को इसको लेकर आपत्ति थी। उनका कहना था, रायपुर पहुंचने में लंबा समय लगता है, ऐसे में दोपहर दो बजे मतदान समाप्त करना ठीक नहीं है। कई संघों ने आपत्ति करते हुए मतदान का समय बढ़ाने की मांग की थी। ऐसे में चुनाव समिति की बैठक में इसको लेकर चर्चा की गई। सहायक चुनाव अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया, चुनाव समिति की बैठक दोपहर 2.30 बजे धर्मकांटा कार्यालय में हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मतदान के समय में संशोधन किया जाए। अब मतदान का समय सुबह 10.30बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा। चुनाव समिति कि बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू सहायक चुनाव अधिकारी पंकज भाई पारेख बिलासपुर, धरमचंद भंसाली, राजेन्द्र शर्मा, अनिल कुचेरिया व प्रकाश गोलछा उपस्थित थे।

### शपथ-पत्र

मैं लेखपाल यदु उम्र 56 वर्ष पिता श्री श्याम लाल यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम नवागाँव गहिरा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नं. 383206276 है, जिसमें मेरा नाम परमानंद यदु अंकित है, एवं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बोरतरा के पास बुक मे लेखपाल यदु एंव आधार कार्ड नं. 9285 4739 0315 एवं पेन कार्ड नं. ARAPY3824B मे दर्ज है। अतः दोनों ही नाम की में एक ही व्यक्ति हूँ। जो कि सत्य एंव सही है।
3. यह कि उक्त शपथ पत्र दोनों ही नाम की मैं एक ही व्यक्ति होने के समर्थन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय शाखा दुर्ग छ.ग. को यह शपथ पत्र प्रस्तुत कि जा रही है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं लेखपाल यदु उम्र 56 वर्ष पिता श्री श्याम लाल यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम नवागॉव गहिरा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कण्डिका क्र. - 01 से 03 तक की समस्त कथन मेरे स्वंय की जानकारी से सत्य एवं सही है। जिसे आज दिनांक 27.05.2024 को स्थान साजा में गवाह के समक्ष हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
स्थान : साजा

सत्यापनकर्ता

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्यिक कर मंत्री चौधरी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने का आग्रह करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर स्वतः रोक लगाने ज्ञापन सौंपा। चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, महामंत्री अजय भसीन नेतृत्व में वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी को व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया तथा ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने जुर्माना नोटिस जारी किया गया है। विभाग द्वारा अचानक की गई इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विभागीय मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

### 116 परिवार पीएम आवास के पक्के मकानों में होंगे शिफ्ट

**रायपुर।** नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के दुर्गानगर इंद्रावती कालोनी बस्ती के 116 परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के आवास में जल्द शिफ्ट किये जायेंगे। यहां हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए व्यवस्थापन किया जाना है।

## पेज 9 के शेष

### लू से बचाव ...

पहनना चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस. का घोल पिएं। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें। शीतल पेयजल, जूस, लस्सी, मठा इत्यादि का सेवन करें। लू लगने पर यह करें: लू लगने पर प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। उल्टी, सिरदर्द या तेज बुखार होने पर नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जरूरी सलाह लें। बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं। अधिक पानी व पेय पदार्थ जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा इत्यादि पिलाएं। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाएं। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी डॉक्टर या अस्पताल में इलाज के लिए लेकर जाएं। मितानिन या ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट के लिए संपर्क करें।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 शिवसेना ने मजदूरों की मौत पर मांगा 50-50 लाख का मुआवजा



10 55 डिग्री में 10 घंटे स्कार्फ बांधे लोको पायलट ...



## खबर संक्षेप

### निषाद केंवट समाज की बैठक 2 जून को

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा भरदा चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाजिक जन जागरूकता अभियान चलाई जाएगा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने बताया कि परिक्षेत्र के सभी गांव में जाकर समाज के युवा महिला बुजुर्ग को सामाजिक, राजनीति एवं समाज संगठन को मजबूत करने में परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को सामाजिक जन जागरूकता अभियान क्षेत्र में चलाया जाएगा। पहली बैठक ग्राम भोथली में 2 जून को होगी। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम पारकर, उपाध्यक्ष सियाराम निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशव निषाद, ,जिला सह सचिव भीम सिंह निषाद, युगल किशोर सहित भरदा चंगोरी परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी शामिल होंगे।

### पति और सास गिरफ्तार

**भिलाई।** चरित्र पर शंका से परेशान होकर बहु ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पति और सास को गिरफ्तार किया है। दोनो के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि स्टेशन मरोदा शंकर पारा छाया उर्फ मधु ने 7 नवम्बर 2023 को फांसी लगाकर आत्मा हत्या कर ली थी। जिसकी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थित में शव पंचनामा कार्रवाई कर पीएम कराया गया। मृतिका के परिजनों व गवाहों के बयान भी दर्ज कराए गए थे। मृतिका छाया उर्फ मधुटंडन 22 वर्ष का पति शंकर पारा स्टोशन मरोदा नेवई निवासी रूपेन्द्र उर्फ गोलू टंडन , सास ममता टंडन के द्वारा आये दिन मृतिका के चरित्र को लेकर प्रताडित किया करते थे। सायबर सेल से घटना दिनांक के पूर्व का सीडीआर मिलने के बाद उसे वलोकन करने पर घटना के एक दिन पूर्व रात में पति, सास के प्रताडना से तंग आकर फांसी लगाना सही पाया गया। पुलिस ने पति और सास को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड के लिए पेश किया गया।

### प्राण घातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कृष्णा नगर सुपेला निवासी राजेश निषाद अपने घर के पास खडा था। इस दौरान मोहल्ले का पिंटु उर्फ डिगेश धनकर आकर पुरानी रंजीश को लेकर, कैची से पीड़ित पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए सुपेला टीआई राजेश मिश्रा और उनकी टीम जुटी रही। पुलिस ने आरोपी डिगेश कुमार धनकर उर्फ पिंटु को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में हमला करना आरोपी ने स्वीकार किया।

### महिला की फांसी को लेकर थाने में जमकर हंगामा

**भिलाई।** महिला के आत्महत्या मामले में पुलिस ने ससुरालवालों ने भिलाई नगर थाने में जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि नाबालिग ने वीडियों को वायरल किया। बदनामी के डर से महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मायके वालों ससुराल वाले महिला को काफी प्रताड़ित करते थे। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। मायके वाले ने आरोप लगाया है कि मरने से पहले बेटी को उसे बुरी तरह पीटा गया। उसके प्राइवेट पार्ट तक चोट के निशान हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या या फिर हत्या यह स्पष्ट हो जाएगा। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को सूचना मिली की महिला ने अपने घर में फांसी लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारा गया। पंचनामा कार्रवाई करके शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### मौसम : जिले के सभी इलाकों में इन दिनों अपने उच्चतम शिखर पर है तापमान

# नौतपा में भीषण गर्मी व तापमान ने तोड़े सारे रिकार्ड, सड़कों पर सन्नाटा, घर में भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

क्षेत्र में नौतपा ने बढ़ती गर्मी के इस बरस के सारे रिकार्ड तोड़ते हुए खूब कोहराम मचा रखा है। ज़िलाक्षेत्र के सभी इलाकों में तापमान अपने उच्चतम शिखर पर है। इसके कारण समूचे ज़िलाक्षेत्र में गर्मी व उमस से लोग काफी हलाकान व त्रस्त दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान में सुबह को छोड़ दिया जाए तो दोपहर हो शाम या रात का वक़्त हर समय गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। आलम यह है कि सुबह 10 बजते ही में सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है, जो शाम 6 बजे के बाद ही चहल-पहल दिखाई पड़ती है। जबकि रात में कूलर-पंखा व एयर कंडीशनर भी जवाब दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि फिलहाल क्षेत्र में गर्मी की मार ऐसी चल रही है कि नहाने-निस्तारी व अन्य कार्यों के लिए घरों में लगे पानी टैंक व अन्य जलस्त्रोत के पानी भी दिनभर से रातभर काफी गरम रहते हैं। वहीं, दिन हो या रात कुछ देर के लिए भी बिजली बंद हो जाती है, तो समय गुजरना काफी बड़ा चुनौतीपूर्ण बन जाता है। लिहाजा गर्मी ने इन दिनों आम जनों के जीवनशैली प्रभावित करके रख दिया है। बहरहाल क्षेत्र में नौतपा लगे होने से जिलेवासियों को गर्मी की उमस व तपन से ज़रा भी राहत नहीं मिल पा रही है, जो कि नौतपा के खत्म होने तक इसी तरह भीषण गर्मी जारी रहने की संभावना बताई जा रही है।



## लू से बचने ठंडे पेय पदार्थों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें



**बेरला।** इन दिनों नौतपा चल रहा है। गर्मी कहर बनकर लोगों पर टूट रही है। जिले में भी तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिए सभी जगहों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इससे स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में भी ग्रीष्म लहर हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। 31 मई तक भीषण गर्मी के साथ रात में भी गर्म हवाएं चलेंगी। ऐसे में लू लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। इस संबंध में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी टकसींवा डॉ कुश कुमार साहू ने बताया कि गर्म हवाओं को ही लू या हिट स्ट्रोक कहते हैं। मजबूत इम्युनिटी वाले लोग इन गर्म हवाओं को सहन कर लेते हैं लेकिन अधिकांश लोग इन हवाओं को सहन नहीं कर पाते हैं और इनके संपर्क में आते ही बीमार पड़ जाते हैं। अपने देश में हर साल काफी बड़ी तादात में लोग लू की चपेट में आ जाते हैं। ये गर्म हवाएं जब आपके शरीर के संपर्क में आती हैं तो शरीर का तापमान बढ़ा देती हैं और इस वजह से कई समस्याएं होने लगती हैं। ज्यादा देर तक धूप में काम करना और शरीर में पानी की कमी होना लू लगने के प्रमुख कारण हैं। बच्चे और बूढ़े लोग लू की चपेट (सनस्ट्रोक) में जल्दी आ जाते हैं। लू लगने के अधिकतर मामलों में आप कुछ घरेलू उपाय अपनाकर ही इसे ठीक कर सकते हैं। इसके लिए अपनी डाइट में ठंडे तरल पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें। शरीर को ठंडा रखने के लिए दिन में एक या दो बार नींबू पानी का सेवन ज़रुर करें। बेवजह बाहर धूप में ना निकलें और अगर बाहर निकलना ज़रुरी है तो धूप से बचाव के लिए छाते का प्रयोग ज़रुर करें। अगर घरेलू या आयुर्वेदिक उपायों से कोई आराम नहीं मिल रहा है तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना इलाज करवाएं।

### 45-46 डिग्री जा रहा तापमान

दरअसल भीषण गर्मी के इस दौर में फिलहाल नौतपा चल रहा है जिसमें 5 दिन बीत चुका है, जहां दिन का अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। वहीं, न्यूनतम तापमान 28-30 डिग्री के करीब है। जो कि इन दिनों जिलेवासियों को झुलसाने के लिए काफी है। ऐसी स्थिति में आम लोगों को घरों व दफ्तरों में सिमटकर कूलर-पंखा व अन्य भौतिक सुविधाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। फिलहाल दोपहर में सूरज की किरण सीधी पड़ने के कारण बाहर में गर्मी की तपन इतनी ज्यादा रहती है, कि सामान्यतः बॉडी का सहन कर पाना नामुमकिन सा लगता है। ऐसे दौर में भीषण गर्मी से लू लगने की आशंका बढ़ जाती है, लिहाजा जिलेवासी हिट वेव्स से बचने के उपाय कर रहे हैं, वहीं गर्मी में स्वास्थ्य सम्बन्धित गाइडलाइंस पर ध्यान दे रहे हैं।

## पारा चढ़ने के साथ बढ़ा हीट-स्ट्रोक का खतरा



- स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सीएमएचओ ने लोगों को किया सचेत

**बेमतरा।** ग्रीष्म ऋतु में तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखने लगा है। पारा चढ़ने के साथ लू (हिट स्ट्रोक) का भी खतरा बढ़ रहा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने लोगों से शरीर में पानी की कमी न होने देने की अपील की है। ज्यादा गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसका सेहत पर बुरा असर पड़ता है। आमतौर पर लोग इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेते। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव और इसके प्रबंधन हेतु व्यापक जन-जागरूकता के लिए विस्तृत जानकारी प्रसारित की है।

### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख न लगना और बेहोशी लू लगने के लक्षण हैं।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतः नमक की कमी होना है। इससे बचाव के लिए सावधानी रखना आवश्यक है। बहुत अनिवार्य न हो तो गर्मी में घर से बाहर न जाएं। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। लू से बचने के लिए पानी अधिक मात्रा में पिएं खाली पेट न रहे। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मियों में मुलायम सूती के कपड़े ▶▶| शेष पेज 10 पर

# फैक्ट्री मालिक को बचाने की कोशिश कर रही सरकार : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- पीसीसी महामंत्री ने लगाए आरोप

बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने साय सरकार को घेरा है। राजेंद्र ने कहा कि दर्जन भर से ज्यादा ग्रामीणों की मौत के बावजूद साय सरकार गहरी नींद में सोई है। भाजपा नेताओं के न्याय और सुशासन की गारंटी के दावे का क्या हुआ? धमाके में मृत लोगों के साथ ही घायलों और लापता लोगों के परिजनों को न्याय नहीं मिलेगा? क्या साय सरकार ने बारूद फैक्ट्री के मालिक को बचाने की गारंटी दे दी है।

राजेंद्र साहू ने कहा कि बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट के चार दिन बाद भी फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार नहीं किया है। प्रशासन द्वारा फैक्ट्री में रखी सामग्री को हटाने कहा गया है, जिससे स्पष्ट हो गया है कि फैक्ट्री में मौजूद साक्ष्यों को हटाने में खुद प्रशासन ही फैक्ट्री मालिक की मदद कर रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा फैक्ट्री मालिक के खिलाफ एक्शन लेने की बजाय उसे बचाने का प्रयास घोर निंदनीय है।

राजेंद्र ने कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्यजनक बात ये है कि हादसे के बाद साय सरकार अभी तक यह स्पष्ट नहीं बता पा रही है कि घटना के दिन कितने लोग फैक्ट्री में कार्यरत थे और कितने लोगों को अस्पताल ले जाया गया। कितने लोगों को बचाया गया और कितने लोगों की मौत हो गई? अब तक इन आंकड़ों को न बता पाना साय सरकार की नाकामी को दर्शाता है। फैक्ट्री से रजिस्टर ही गायब हो गया है। राजेंद्र ने कहा कि साय सरकार बारूद फैक्ट्री में हुए हादसे में मृतकों के परिवारजनों को अविलंब 50 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा करे। साथ ही दोषी प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

# मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए पास अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग के अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68- साजा, 69 बेमेतरा और 70- नवागढ़ में मतगणना 4 जून को की जाएगी। इसे देखते हुए कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन रणबीर शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना संबंधी कार्यों एवं प्रक्रिया की जानकारी कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में दी।

कलेक्टर ने बताया कि बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून को प्रातः 08 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाएगा। जिसके लिए स्ट्रांग रूम प्रातः 7 बजे अभ्यर्थी/राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य के लिए ज़िले की प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। हर टेबल पर एक -एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गये है।

मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्रारूप -18 में टेबलवार 14+1 किया जा कर सूची मतगणना तारीख़ से तीन दिवस पूर्व शाम 5 बजे तक



रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। जिसके आधार पर रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पहचान पत्र देंगे। संबंधित अभिकर्ता को जारी पहचान पत्र के साथ निर्धारित समय से एक घंटा पहले मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए आना होगा। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता गर्ग, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भारतीय जानता पार्टी (बीजेपी)से राजेंद्र शर्मा और अश्वनी वैष्णव, इंडियन नेशनल कांग्रेस(आईएनसी) से श्री सुनील नामदेव व जोगेंद्र छाबक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतगणना एजेंट्स अथवा उम्मीदवारों को मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, आई पैड, लैपटॉप या ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है जो ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड कर सकता है। इसके अलावा कोई भी अभ्यर्थी, गणना एजेंट किसी भी प्रकार की कोई भी सामग्री जैसे घड़ी, मोबाइल, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, पान, कैल्कुलेटर, पानी, नाश्ता सहित अन्य सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। काउंटिंग एजेंट को मतगणना कक्ष में प्लास्टिक पेन, पेंसिल, सादा कागज ले जाने की ही अनुमति होगी।

अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता एवं मीडिया कर्मी का प्रवेश दुर्ग रोड स्थित प्रवेश द्वार से होगा तथा शासकीय अधिकारी- कर्मचारी रायपुर रोड स्थित द्वार से प्रवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि साजा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 22 राउंड में और विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना 20-20. राउंड में की जाएगी। उन्होंने मतगणना हॉल में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने को भी कहा।

## अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस कल, होंगे विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा।** अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर बेमेतरा जिले में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन चेतना विकसित करने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि धूम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति की दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर ने इस संबंध में समाज कल्याण विभाग तथा विभिन्न विभागों को तम्बाकू या तम्बाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन की प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि इन नशों के सेवन से गंभीर बीमारियां होती है, जो चिंता का विषय है। सामाज कल्याण विभाग उप संचालक ने बताया कि 31 मई को धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए समाज कल्याण विभाग बेमेतरा एवं प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 31 मई को शाम 5 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद कार्यक्रम शाम 07 बजे से ब्रम्हाकुमारीज, प्रभु स्मृति भवन, रेस्ट हाऊस रोड बेमेतरा में होगा।

### शहर की निकासी व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# परियोजना कार्यालय परिसर के सामने पसरी गन्दगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के सिंघौरी बस्ती में स्थित बेमेतरा विकासखण्ड की एकीकृत बाल विकास परियोजना के कार्यालय परिसर के सामने गन्दगी का आलम है, जो शहर की निकासी व्यवस्था एवं स्वच्छता पर सवाल खड़े कर रहा है। बताया जा रहा है कि रोजाना इस सरकारी दफ्तर में कई लोग आते हैं, जो परिसर के सामने खुली नाली के ऊपर से गुजरते है, जो कि बस्ती के गन्दे पानी के कारण यहां विभाग कार्यालय आने वाले फरियादियों को बदबू का सामना पड़ता है। वहीं, इसी तरह दफ्तर के कर्मचारियों व अफसरों को भी परिसर के सामने ही रोज नाली के गन्दगियों के बीच आवागमन कर कार्य करना पड़ता है जो कि काफी परेशान करने वाला होता है। जबकि




समीप ही नगर पालिका का ऑफिस एवं सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय का सरकारी निवास भी है। इसके अलावा इस इलाके ज़िला अस्पताल व अन्य शासकीय विभागों के दफ्तर भी संचालित है।इसके बावजूद नगरीय प्रशासन के अमला इस संबंध में ध्यान नहीं दे रहे हैं, जो कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए है।

### बरसात में और बढ़ जाती है समस्या

इस संबंध में आसपास के बस्ती रहवासियों का कहना है कि अभी तो स्थिति ठीक ही है, लेकिन बरसात लगते ही बारिश के पानी से नाली भर जाता है। इससे यहां पर किसी कार्य के लिए आना-जाना मुसीबत भरा रहता है। जिस पर सम्बन्धित कार्यालय के अफसर भी कोई खास पहल नहीं कर पाते हैं। लिहाजा यह स्थिति पूर्ववत लगातार बनी हुई है। इस संबंध में विकासखण्ड परियोजना अधिकारी मनोरमा साहू से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा भी कोई जवाब नहीं दिया गया। जबकि बेमेतरा शहर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र उपाध्याय से सम्पर्क करने का प्रयास करने पर उनका नंबर कवरेज नेटवर्क से बाहर बताया।

## जेल में बिगड़ी कैदी की तबियत, मौत

**बालोद।** जिला जेल में बंद कैदी की अचानक तबियत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार की देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। कैदी लुकेश सिन्हा 34 वर्ष को 25 मई को महुआ शराब की बिक्री के आरोप में आबकारी विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया था। जेल में बंद कैदी लुकेश सिन्हा की गिरफ्तारी के दो दिन बाद अचानक तबियत बिगड़ गई, जिसे दो दिन तक लगातार जिला अस्पताल ले जाया गया और उपचार के बाद जेल दाखिल किया गया।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मुठभेड़ की जांच से डर क्यों रही सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सारा बस्तर फर्जी मुठभेड़ के खिलाफ लामबंद है, लोग बस्तर बंद कर अपना आक्रोश जता रहे हैं। अत्याचारी भाजपा सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। सरकार इस मामले की जांच से घबरा क्यों रही है? एक आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों को न्याय के लिये आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, पीडिया में हुई मुठभेड़ में और इसके पहले कांकेर के कोयलीबेड़ा में हुई मुठभेड़ में कुछ निर्दोष लोगों की हत्यायें हुई थीं। कांग्रेस ने इस मामले की हाईकोर्ट के न्यायाधीश की देखरेख में जांच की मांग की थी। सर्व आदिवासी समाज ने इसी मांग को लेकर बस्तर बंद का आह्वान किया, कांग्रेस ने इसका समर्थन किया है।

### आईपीएस शर्मा राज्यपाल के परिसहाय बने

**रायपुर।** आईपीएस सुनील कुमार शर्मा सहायक पुलिस महानिरीक्षक को पुलिस मुख्यालय से राज्यपाल का परिसहाय बनाया गया है। गृह विभाग ने इसका आदेश जारी किया है।

### अहिल्या देवी की जयंती 31 को, मांस-मटन बिक्री रोकने की मांग

**रायपुर।** लोकमाता अहिल्या देवी की जयंती के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में मांस-मटन और मदिरा दुकान बंद करने की मांग को लेकर धनगर समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर गड़रिया धनगर समाज रायपुर के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पाल, अजय धनगर, संतोष धनगर, अभिमन्यु धनगर ने बताया कि लोकमाता अहिल्या देवी को धनगर समाज अपनी आराध्य देवी के रूप में मानता है और प्रतिवर्ष उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि पर सामाजिक रूप से उनकी पूजा, वंदन कर उनके बलिदान को सर्वसमाज तक पहुंचाने की कोशिश करता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए धनगर समाज आपसे आग्रह करता है कि 31 मई को लोकमाता अहिल्या देवी की 299वीं जयंती के शुभ अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में मांस-मटन एवं शराब दुकान बंद रखने का आदेश जारी किया जाए।

### चैताली को पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़-मथुरा (उप्र) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शक्तिनगर निवासी चैताली पांडेय को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपने शोध विषय 'छत्तीसगढ़ शासन की योजनाएं और विज्ञापन : एक संचारशास्त्रीय अध्ययन' (दैनिक भास्कर और हरिभूमि समाचार पत्र के विशेष संदर्भ में) में ह्यूमैनिटी एंड सोशल साइंस अध्ययनशाला के अंतर्गत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से डॉ. संतोष गौतम की देखरेख में पूर्ण किया है। शोधार्थी की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर सुमेर वीरसिंह सहित पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष गौतम एवं समस्त प्रोफेसर व बिहारीलाल दुबे के परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं। वे दुर्ग जिले के निवासी जगदीश पांडे की सुपुत्री और मनीष बाघ की पत्नी हैं।

### ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**डौंडीलोहारा ।** मां दंतेश्वरी प्रांगण में ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा की मासिक बैठक हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें संघ के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से संज्ञान में रखा गया। ज्ञापन में बिना कारण के मजदूरी भुगतान में कटौती, मेटों को वाउचर से भुगतान, मेट पंजीयन के लिए दस्तावेज जमा किया, तथा जिस पंचायत में बिना मेट के मनरेगा का कार्य हो रहा है, उसको संज्ञान में लेना एवं मेट साथियों से पंजीयन करवा कर ब्लॉक मनरेगा मेट संघ से जुड़ने आह्वान किया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रति माह की 28 तारीख को ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा की मासिक बैठक मां दंतेश्वरी प्रांगण डौंडीलोहारा में होती है।

# चण्डी में मुरुम तस्करों ने खोद दी रेस्ट हाउस से लगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला तहसील इलाके के ग्राम चण्डी में स्थित जल संसाधन विभाग के रेस्ट हाउस से लगे घास जमीन में क्षेत्र के मुरम माफियाओं करीब 15 से 20 फीट की गहराई तक जमीन अवैधानिक रूप से खोदकर खुली छोड़ दी गयी है। यह स्थानीय इलाके के सड़क मुसाफिरों के लिए जानलेवा व ख़तरनाक साबित हो सकता है। गम्भीर बात यह है कि अवैध उत्खनन की जानकारी ग्रामीणों से लेकर प्रशासन के अफसरों तक को खबर नहीं है। लिहाजा क्षेत्र में मुरम तस्करों के हौसले बुलंद होने के कारण प्रशासन की भूमिका कटघरे में है। उल्लेखनीय है कि बेरला जनपद पंचायत के ग्राम चण्डी में दशकों पूर्व से सिंचाई विभाग का विश्राम गृह निर्मित है। जहाँ पर कभी कभी एरिकेशन विभाग के कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति होती है। साथ ही यहाँ से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को ध्यान रखकर विभागीय कार्य किया जाता है। किंतु शासकीय रेस्ट हाउस से लगी जमीन की दक्षिण दिशा में सड़क के बाजू स्थित जमीन को मुरुम तस्करों ने कई फीट गहरा खोद दिया है। मोड़ पर ही समीप की घास जमीन को गहरा खोदकर हादसे को खुलेआम आमंत्रण दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह खनन महीनों पूर्व हुआ है, किंतु आश्चर्य की बात है कि इसकी जानकारी ग्राम पंचायत चण्डी से लेकर अनुविभाग के एसडीएम तक को नहीं है।

**मोड़ के पास गहरा गड्ढा होने के कारण दुर्घटना की बढ़ी आशंका**



#### प्रशासन को देंगे रिपोर्ट : एसडीओ

ग्राम पंचायत चण्डी के सरपंच थानेंद्र वर्मा ने बताया कि वे इस वर्ष जनवरी से ही अविश्वास प्रस्ताव के कारण सरपंच पद से हट गए हैं। इसलिए इसकी अधिकृत जानकारी के लिए वे बाध्य नहीं हैं।जबकि पंचायत सचिव सुशील साहू से नेटवर्क समस्या होने से संपर्क नहीं हो पाया। वहीं, क्षेत्र के रेस्ट हाउस से जुड़े जल संसाधन दुर्ग के तांदुला एसडीओ राजेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि मौके पर जाकर अवलोकन करने के बाद प्रशासन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुरुम के अवैध खनन के संबंध में खनिज विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए।

### नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बीस साल बाद भी मूलभूत सुविधाएं नहीं

# नवागढ़ बस स्टैंड में अभी तक नहीं बना प्रतीक्षालय, धूप व बारिश में यात्री परेशान






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर पंचायत से नगर पालिका की ओर बढ़ रहे नवागढ़ में आज भी कई ऐसी मूलभूत सुविधाएं हैं, जो एक सामान्य नगर पंचायत में होनी चाहिए, लेकिन मुहैया नहीं हो पाई हैं। वैसे तो नवागढ़ को नगर पंचायत बने दो दशक से भी ज्यादा समय हो गया, लेकिन आज भी यहां के बस स्टैंड में एक स्थाई यात्री प्रतीक्षालय नहीं बन पाया है।

इन दिनों 45-46 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच बड़ी तादाद में बस यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां यात्रियों के लिए बैठने कुर्सियां नहीं हैं, न छाया के लिए प्रतीक्षालय है और न ही बस स्टैंड परिसर में पीने के लिए पानी की सुविधा है। इस कारण यात्रियों, राहगीरों सहित बस स्टैंड के दुकानदार व ग्राहकों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, सालों से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी जल्द ही यात्री प्रतीक्षालय बनाने का आश्वासन देकर जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते आ रहे हैं। सालों से नवागढ़ नगर वालों को अधिकतर सुविधा तो मिली ही नहीं, लेकिन बाहरी यात्रियों के लिए भी यात्री प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया।

उल्लेखनीय है कि नवागढ़ विधानसभा का मुख्यालय है, जिसके कारण नवागढ़ के आसपास के सैकड़ों गांवों का केंद्र होने के कारण प्रशासनिक एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण शहर है। नवागढ़ में एसडीएम, जनपद पंचायत, तहसील, नगर पंचायत, बैंक, रजिस्ट्रार, अस्पताल, स्कूल, कालेज, सहित कई शासकीय दफ्तर, बाजार एवं बड़े व्यापरिक प्रतिष्ठान स्थित हैं।

इसके कारण प्रतिदिन यहां हजारों लोगों का आना-जाना रहता है, किंतु यात्री प्रतीक्षालय न होने से यहां ठहरने का पर्याप्त स्थल, पेयजल का साधन व शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य साधन मौजूद नहीं हैं।

#### बड़े शहरों के लिए चलती है बस

उल्लेखनीय है कि नवागढ़ विधानसभा का सबसे बड़ा बस स्टैंड है। यहां से रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, भाठापारा, कवर्धा, मुंगेली, बेमेतरा जैसे लोकल शहरों के साथ-साथ प्रयागराज, बनारस, हैदराबाद, पुणे, नागपुर आदि बड़े शहरों के लिए भी बसें संचालित हैं। इसके कारण क्षेत्र की बड़ी आबादी नवागढ़ बस स्टैंड पर निर्भर है। यहाँ रोज़ाना सैकड़ों यात्री अक्सर बस स्टैंड में देखे जाते हैं, फिर भी नगर पंचायत ने यात्री प्रतीक्षालय को लेकर कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई है।

#### यात्रियों को होती है कई परेशानी

प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को खासी परेशानी उठाना पड़ती है। सर्दी, गर्मी और बारिश में लोग धूप व बारिश में ठेलों एवं दुकानों की छपरी के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। कुछ लोग होटल व दुकानों की शरण लेते हैं। इसमें भी यात्रियों को दुकानदारों के गुस्से का अलग शिकार होना पड़ता है। इस दौरान महिलाएं बच्चे व वृद्ध लोगों की फजीहत भी हो जाती है।

#### पीने के लिए पानी की भी व्यवस्था नहीं

नवागढ़ बस स्टैंड परिसर में यात्रियों के लिए पीने की भी उचित व्यवस्था नहीं है। यात्रियों को पानी के लिए या तो बॉटल खरीदना पड़ता है या वहां होटल या अन्य दुकानों से पानी मांग कर पीना पड़ता है। इससे दुकानदार भी परेशान रहते हैं और यात्री भी। इतने सालों में यह कोई व्यवस्था नहीं की जा सकी, जिससे लोगों को पेयजल मिल सके।

#### दो दशक बीत गए, प्रतीक्षालय नहीं बना

नगरवासियों का कहना है कि पिछले कई सालों में नेता बदले, शासन बदला, अधिकारी बदले लेकिन, किसी ने नवागढ़ बस स्टैंड पर प्रतीक्षालय बनाने की ओर ध्यान ही नहीं दिया। यहां के अधिकारी व जनप्रतिनिधि सिर्फ अपनी सुविधाओं में लगे रहे। उन्हें नगरवासियों या बाहर से आने वाले यात्रियों के बारे में जरा सा भी चिंता नहीं है कि वे कैसे इस समस्या से निपट रहे हैं। बीच-बीच में समाजसेवी लोगों द्वारा बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए अस्थाई पेयजल की व्यवस्था की जाती है।

#### नगर पंचायत से नहीं मिला प्रस्ताव

यात्री प्रतीक्षालय के लिए प्रशासन द्वारा प्रस्ताव मांगे जाने पर दिया जाता है। फिलहाल इस संबंध में नगर पंचायत से कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है। कलेक्टर को इस समस्या संबंध में जानकारी दी जाएगी, ताकि कोई निराकरण निकल सके।

**- टीआर चौहान सीएमओ,** नगर पंचायत नवागढ़।

# शिवसेना ने मजदूरों की मौत पर मांगा 50-50 लाख का मुआवजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ शिवसेना के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान के नेतृत्व में नेतृत्व में स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी में मजदूरों की मौत पर मुआवजा एवं कानूनी कार्रवाई करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। श्री चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय से परिहार, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मधुकर पांडे, जिला प्रभारी शिवा केसरवानी के मार्गदर्शन में हादसे में मृतक के परिजन को 50-50 लाख रुपए एवं घायल मजदूरों को दो-दो लाख रुपए व निशुल्क इलाज की मांग की गई है। इसके अलावा चौहान ने कहा कि उक्त स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी के मालिक संजय चौधरी का भी जांच की जाए कि बारूद फैक्ट्री संचालित करने के लिए विभागों से परमिशन लिया गया था, क्या उनके द्वारा बारूद विस्फोट पदार्थ विभागों के आदेश के अनुसार नियम का पालन किया गया था, यह जांच का विषय है। यदि नियम विरुद्ध फैक्ट्री संचालित की गई हो, तो उनके ऊपर भी उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान पार्टी के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान, नगर प्रभारी राजकुमार बाबा नायक, नगर महासचिव संतोष चौहान, प्रेमचंद साहू, योगराज साहू, चैत्येंद्र साहू, राजकुमार साहू उपस्थित रहे।

### बीएसपी ने किया खेल सामग्री का वितरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की लौह अयस्क कैप्टिव खदान, राजहरा के खेल संगठनों एवं खान के समीप स्थित शालाओं की खेल प्रतिभाओं के उन्नयन के लिए, लौह अयस्क समूह राजहरा एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राजहरा क्रिकेट ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में खेल सामग्री वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक आरबी गहरवार ने सामग्री वितरित की।

**दो दिन के प्रशिक्षण में नए और पुराने मंत्री सीखेंगे गुड गवर्नेंस**

# मंत्रियों को आईआईएम में देंगे गुड गवर्नेंस की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने गुड गवर्नेंस की दिशा में काम प्रारंभ किया है। विभागों के कामकाज में कसावट लाने कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार अब मंत्रियों को भी गवर्नेंस का पाठ पढ़ाने के लिए आईआईएम में 30 मई से 2 जून के बीच कभी भी मंत्रियों की दो दिन की ट्रेनिंग आयोजित की जा सकती है। आईआईएम रायपुर प्रशासन से इस संबंध में चर्चा हो चुकी है। विष्णुदेव कैबिनेट में बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, केदार कश्यप और दयालदास बघेल के अलावा लगभग सभी विधायक पहली बार मंत्री बने हैं। कई नए मंत्रियों के बारे में कामकाज के संदर्भ में शिकायतें हो रही हैं। कुछ नए मंत्रियों को अफसर भ्रमित कर दे रहे हैं तो कुछ को योजनाओं के क्रियान्वयन और सिस्टम से काम कैसे कराया जाता है, उसका अनुभव नहीं है।




#### गुड गवर्नेंस की ट्रेनिंग

आईआईएम रायपुर में विष्णुदेव साय सरकार के सभी 11 मंत्रियों को राज्य के विकास के साथ ही सिस्टम में स्किल डेवलपमेंट, योजना का सही ढंग से क्रियान्वयन, मैनेजमेंट के गुर सिखाए जाएंगे। आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में विकास कैसे किया जाए, इस पर भी फोकस किया जाएगा। आईटी का विकास में किस तरह से अधिक से अधिक इस्तेमाल कर सरकार की योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाया जाए और उनका फीडबैक लिया जाए, इसके बारे में भी आईआईएम के प्रोफेसरों द्वारा बताया जाएगा।

### श्रमिकों का महंगाई भत्ता बढ़ा 280 रुपए महीना

**रायपुर।** श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित किया गया है। लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। इसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रुपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 280 रुपए की वृद्धि की गई। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए लेबर ब्यूरो शिमला से प्राप्त सूचकांक में 56 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रुपए प्रति बिन्दु के मान से 280 रुपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई।

# नवीन न्यायालय भवन बेमेतरा में लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- श्रमिकों व आम जनता को दी गई कानूनी जानकारी



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में निर्माणाधीन नवीन न्यायालय भवन बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय बेमेतरा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार ने श्रमिकों व आम जनता के स्वास्थ्य एवं अन्य समस्याओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्हें कानूनी एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी दी गई। उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि देश की उन्नति समृद्धि खुशहाली में श्रमिकों का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है। साथ ही आगामी 13 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में श्रमिकों व आम जनता को कानून के प्रति जागरूक रहने के लिए नालसा ट्रोल फ्री नं. 15100, बाल श्रम, बाल विवाह, साइबर क्राइम टोल फ्री नं. 1930, नशा मुक्ति जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित, नवीन मोटरयान, दुर्घटना हेतु ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, प्रथम सूचना रिपोर्ट से संबंधित कानूनी जानकारी के बारे में बताया गया। उक्त शिविर में पैरालीगल वॉलिंटियर्स देवेन्द्र यादव, टुवेन्द्र वर्मा, चेतन साहू, पंकज घृतलहरे, तरूण कुमार आनंद उपस्थित रहे।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस के साथ अन्य विभागों में रिक्त पद**

# आचार संहिता के बाद विभिन्न विभागों में हजारों पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव आचार संहिता हटने के बाद राज्य सरकार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती शुरू करेगी। राज्य सरकार का ध्यान ऐसे विभाग जहां से राजस्व की वसूली होनी है, वहां पर पदों को भरे जाने का है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण, पुलिस विभाग के अलावा अन्य विभागों में खाली पदों की भी जानकारी मंगाई गई है। लगभग 25 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में अलग-अलग पांच हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां होंगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जून-जुलाई से शुरू हो सकती है। इन पदों पर भर्ती छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग और छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से होगी। नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ के अलावा 8 सौ से ज्यादा पद डाक्टरों के भी होंगे। वहीं 150 से अधिक पदों पर विशेषज्ञ डाक्टरों भी भर्तियां भी होंगी। इसके मुताबिक जून तक डाक्टरों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करना था। लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लग गई, जिसके कारण भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। 7 जून के बाद आचार संहिता हट जाएगी, इसके बाद ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। जुलाई अंत तक अस्पतालों में डाक्टरों की नियुक्तियां होने की संभावना है।



#### 10 हजार शिक्षकों की भर्ती

शिक्षकों के करीब 10 हजार पदों पर भर्ती हो सकती है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग कई विभाग के पदों की पूर्ति के प्रस्ताव के बाद प्रक्रिया अटकी हुई है। इनमें प्रमुख रूप से कॉलेजों में प्रोफेसरों की भर्ती का मामला है। उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर पीएससी ने 595 प्रोफेसरों के पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। पीएससी ने इसके लिए आवेदन भी मंगाए थे। भर्ती नियम के कुछ बिंदुओं को लेकर आपत्ति आने के बाद में नियम संशोधन को लेकर यह भर्ती नहीं हो पाई। आचार संहिता हटने के बाद इसे पूरा किया जाएगा।

#### लंबित भर्तियां भी पूरी होंगी

ऐसी भर्तियां जो काफी समय से अटकी हैं, उन्हें भी भरने का प्रयास किया जाएगा। इनमें आदिवासी विकास विभाग के प्रस्ताव पर 500 छात्रावास अधीक्षक पदों की भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को इस परीक्षा को कराने जिम्मेदारी मिली। यह भर्ती परीक्षा भी अटकी हुई है। अन्य विभागों में भी कई पदो पर भर्ती अटकी हुई है, उसे आचार संहिता हटने के बाद आगे कार्रवाई फिर शुरू होगी।

